Copy of the AGM notice along with Annual Report for financial year 2021-22 and login details for such voting, will be sent to all the members whose email addresses are registered with the Company/ DP in due course and will be made available on the website of the Company i.e. at **https://www.sueryaaknitwear.com/** and on the website of stock exchanges viz. BSE Limited at **www.bseindia.com**

The Shareholders may contact Mr. Bidu Bhusan Dash, Company Secretary & Compliance Officer of the Company at the address of registered office of the Company or by writing at **sueryaa1995@gmail.com**

**For Sueryaa Knitwear Limited**
**Sd/-**
**(BHANU GUPTA)**
**Additional (Whole time) Director**
**DIN: 09688120**

Date: 17.08.2022
Place: Ludhiana


To book your copy,
SMS
**reachbs** to **57575** or
email us at
**order@bsmail.in**

Business Standard
Insight Out

## खबरों में रहे स्टॉक




### रेटगेन ट्रैवल टेक्नोलॉजिज




एयर इंडिया से मिला अनुबंध

₹ 286.5 पिछला बंद भाव
₹ 309.7 आज का बंद भाव
8.1 % ▲


### एस्ट्रा माइक्रोवेव प्रोडक्ट्स




इलेक्ट्रो ऑप्टिक सिस्टम की नई उत्पाद लाइन के लिए संयुक्त उद्यम

₹ 276.2 पिछला बंद भाव
₹ 285.7 आज का बंद भाव
3.42 % ▲


### टेक्नो इलेक्ट्रिक ऐंड इंजीनियरिंग




आरआरवीयूएन सं मिले 1,455 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर

₹ 279.9 पिछला बंद भाव
₹ 298.0 आज का बंद भाव
6.5 % ▲


### एनएक्सटी डिजिटल




हिंदुजा लीलैंड फाइनैंस के विलय को बोर्ड से मंजूरी

₹ 421.9 पिछला बंद भाव
₹ 434.8 आज का बंद भाव
3.1 % ▲

### भारत गियर्स




बोर्ड 19 अगस्त को बोनस शेयर जारी करने पर करेगा विचार

₹ 149.7 पिछला बंद भाव
₹ 177.8 आज का बंद भाव
18.8 % ▲

## संक्षेप में

### चुनौतियों से निपटने को तैयार भारत: बिड़ला

विभिन्न तरह की अड़चनों के बावजूद भारत अनिश्चित वैश्विक आर्थिक वातावरण की चुनौतियों से निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार है। अल्ट्राटेक सीमेंट लि. के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने बुधवार को कंपनी की सालाना आमसभा में शेयरधारकों को वीडियो कांफ्रेन्स के जरिये संबोधित करते हुए यह बात कही। बिड़ला ने कहा कि भारत अड़चनों से निपटने के लिए तैयार है और अब चीजें ढर्रे पर लौट रही हैं। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद कर सकते हैं कि मध्यम अवधि की वृद्धि में सुधार पटरी पर है, लेकिन कंपनियों को इस साल वित्तीय बाजार के उतार-चढ़ाव और लागत के दबाव को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। बिड़ला ने कहा कि कोविड-19 महामारी की वजह से 2020 का साल काफी असाधारण रहा। उसके बाद 2021 में आपूर्ति श्रृंखला का संकट उत्पन्न हुआ और 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से अड़चनें आईं। लेकिन इन सब बाधाओं के बावजूद आज 'चीजें ढर्रे' पर आ गई हैं। *भाषा*

### खुदरा में पहले जैसी वृद्धि जारी: आरएआई

भारतीय खुदरा संघ (आरएआई) ने बुधवार को कहा कि देश में खुदरा व्यवसायों की वृद्धि दर महामारी से पहले के स्तर के मुकाबले काफी अच्छी है और जुलाई 2019 के मुकाबले इस साल जुलाई में बिक्री 18 फीसदी बढ़ी। आरएआई के ताजा व्यापार सर्वेक्षण के मुताबिक पूर्वी भारत क्षेत्र में पिछले महीने सबसे अधिक 25 फीसदी की वृद्धि हुई। इसके बाद 21 फीसदी के साथ दक्षिण क्षेत्र, 16 फीसदी के साथ उत्तर क्षेत्र और 10 फीसदी के साथ पश्चिम क्षेत्र का स्थान रहा। श्रेणियों के अनुसार बात करें तो खेल के सामान की बिक्री जुलाई 2019 की तुलना में 32 फीसदी बढ़ी।जूते और फर्नीचर में 23 फीसदी की वृद्धि हुई। *भाषा*

# 5जी स्पेक्ट्रम के लिए भुगतान

## दूरसंचार कंपनियों ने पहली किस्त का भुगतान किया, सरकार को मिले 17,873 करोड़ रु.

**अनीश फडणीस**
मुंबई, 17 अगस्त



### स्पेक्ट्रम बकाया

- करीब आधी रकम (8,312.4 करोड़ रुपये) का भुगतान भारती एयरटेल ने किया है। उसने चार साल के लिए अग्रिम भुगतान किया ताकि भविष्य के निवेश के लिए नकदी पर कोई बोझ न रहे
- रिलायंस जियो ने 7,864 करोड़ रुपये और वोडाफोन आइडिया ने 1,680 करोड़ रुपये का भुगतान किया
- कैप्टिव प्राइवेट नेटवर्क के लिए 5जी स्पेक्ट्रम हासिल करने वाली कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज ने 18 करोड़ रुपये का भुगतान किया

दूरसंचार कंपनियों ने आज 5जी स्पेक्ट्रम बकाये के पहली किस्त का भुगतान किया। दूरसंचार विभाग को 5जी स्पेक्ट्रम बकाया मद में कंपनियों से 17,873 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इसमें से करीब आधी रकम (8,312.4 करोड़ रुपये) का भुगतान भारती एयरटेल ने किया है। उसने चार साल के लिए अग्रिम भुगतान किया ताकि भविष्य के निवेश के लिए नकदी पर कोई बोझ न रहे।

रिलायंस जियो ने 7,864 करोड़ रुपये और वोडाफोन आइडिया ने 1,680 करोड़ रुपये का भुगतान किया। कैप्टिव प्राइवेट नेटवर्क के लिए 5जी स्पेक्ट्रम हासिल करने वाली कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज ने 18 करोड़ रुपये का भुगतान किया।

5जी स्पेक्ट्रम बकाये के पहले किस्त के तौर दूरसंचार कंपनियों द्वारा किया गया भुगतान दूरसंचार विभाग के शुरुआती आकलन के मुकाबले कहीं अधिक है। विभाग के आकलन के अनुसार दूरसंचार कंपनियों को इस मद में 13,365 करोड़ रुपये का भुगतान करना था।

तीनों दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और अदाणी समूह ने कुल मिलाकर 1.5 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 51,236 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की खरीदारी की है। रिलायंस जियो ने सबसे अधिक खरीदारी की। उसने 88,078 करोड़ रुपये के 5जी स्पेक्ट्रम खरीदे।

एयरटेल देश भर में वाणिज्यिक तौर पर 5जी सेवा शुरू करने की योजना बना रही है। उसने हालिया 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी के दौरान 43,084 करोड़ रुपये में विभिन्न बैंडों में 19,867 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की खरीदारी की है। इसमें 3.5 गीगाहर्ट्ज, 26 गीगाहर्ट्ज और कुछ निचले एवं मझोले बैंड शामिल हैं।

वोडाफोन आइडिया ने 18,799 करोड़ रुपये मूल्य के 5जी स्पेक्ट्रम की खरीदारी की जबकि अदाणी एंटरप्राइजेज ने 212 करोड़ रुपये के 5जी स्पेक्ट्रम खरीदे। दूरसंचार विभाग के प्रावधानों के अनुसार, कंपनियां 5जी स्पेक्ट्रम के लिए पूर्ण अथवा आंशिक एकमुश्त भुगतान कर सकती हैं। इसके अलावा कंपनियों को बोली मूल्य का भुगतान 7.2 फीसदी ब्याज के साथ 20 वार्षिक किस्तों में करने का भी विकल्प दिया गया है।

एयरटेल ने एक बयान में कहा है कि इस एकमुश्त भुगतान के साथ-साथ स्पेक्ट्रम बकाये पर मोहलत और सकल समायोजित राजस्व (एजीआर) संबंधी भुगतान से भविष्य का नकदी प्रवाह मुक्त होगा। इससे कंपनी को 5जी की तैनाती पर ध्यान केंद्रित करते हुए संसाधनों को उसके लिए समर्पित करने में मदद मिलेगी। पिछले साल भी एयरटेल ने निर्धारित समय-सीमा से काफी पहले 24,333.7 करोड़ रुपये के स्पेक्ट्रम बकाये का भुगतान किया था।

भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी गोपाल विट्ठल ने कहा, 'चार साल के इस अग्रिम भुगतान से हमें 5जी की तैनाती को ठोस तरीके से आगे बढ़ाने के लिए परिचालन नकदी प्रवाह को मुक्त रखने में मदद मिलेगी। एयरटेल को राइट्स इश्यू से भी 15,740.5 करोड़ रुपये हासिल होंगे। ऐसे में हम एक आदर्श स्पेक्ट्रम बैंक, बेहतरीन प्रौद्योगिकी और पर्याप्त नकदी प्रवाह के साथ देश में विश्वस्तरीय 5जी अनुभव प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं।'

पिछले सप्ताह वित्तीय नतीजे के बाद विश्लेषकों से बातचीत में विट्ठल ने कहा था कि एयरटेल अगस्त से अपनी 5जी सेवाएं शुरू करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा था कि उसके बाद देश भर में उसका तेजी से विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा था, 'हमारा मानना है कि मार्च 2024 तक हम हरेक शहर और प्रमुख ग्रामीण इलाकों को 5जी कवरेज के दायरे में ले आएंगे। वास्तव में देश के 5,000 शहरों में 5जी सेवाओं की शुरुआत के लिए व्यापक नेटवर्क तैयार हो चुका है।'

एयरटेल ने 5जी के लिए एरिक्सन, नोकिया और सैमसंग के साथ नेटवर्क करार किए हैं।

### घटिया प्रेशर कुकर बेचने का मामला

# फ्लिपकार्ट, एमेजॉन पर सरकार सख्त

**पीरजादा अबरार**
बेंगलूरु, 17 अगस्त

**घटिया** उत्पाद बेचने के मामले में सरकार ई-कॉमर्स फर्मों पर सख्ती बरत रही है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट की तरफ से घटिया प्रेशर कुकर बेचने के मामले में उपभोक्ता अधिकारों के हनन को देखते हुए आदेश पारित किया है।

**केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने फ्लिपकार्ट पर लगाया 1 लाख रुपये जुर्माना**

चीफ कमिश्नर निधि खरे की अगुआई में सीसीपीए ने फ्लिपकार्ट को अपने प्लेटफॉर्म पर बिके 598 प्रेशर कुकर के खरीदारों को अधिसूचित करने, प्रेशर कुकर वापस मंगाने और इसकी कीमत उपभोक्ताओं को लौटाने का आदेश दिया है, साथ ही 45 दिन के भीतर अनुपालन रिपोर्ट जमा कराने को कहा है। इसके अलावा कंपनी को एक लाख रुपये जुर्माना चुकाने का आदेश दिया गया है, जो अपने प्लेटफॉर्म पर ऐसे घटिया प्रेशर कुकर बेचने और उपभोक्ता अधिकारों के हनन को लेकर है।

केंद्र सरकार समय-समय पर गुणवत्ता नियंत्रण आदेश अधिसूचित करती है, जिसमें उत्पादों के लिए अनिवार्य रूप से तय मानक अपनाने को कहा जाता है ताकि उपभोक्ताओं को किसी तरह का जोखिम न उठाना पड़े और उन्हें नुकसान न हो।

1 फरवरी 2021 से सभी प्रेशर कुकर के लिए आईएस 2347 : 2017 मानक अनिवार्य किया गया है और यह जांच भी जरूरी कर दिया गया है कि क्या ये प्रेशर कुकर ऑनलाइन बेचे जा रहे हैं या फिर ऑफलाइन।

फ्लिपकार्ट ने अपने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर ऐसे प्रेशर कुकर बेचकर कुल 1,84,263 रुपये का शुल्क अर्जित किया। सीसीपीए ने पाया कि जब फ्लिपकार्ट ने इनकी बिक्री से वाणिज्यिक रूप से फायदा कमाया तो वह इसकी बिक्री से उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानी के मामले में अपनी भूमिका व जिम्मेदारी से अलग नहीं हो सकती।

इस बारे में जानकारी के लिए भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं मिला। इस महीने सीसीपीए ने घटिया प्रेशर कुकर बेचने के मामले में एमेजॉन पर भी एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। इसके अलावा कुकर खरीदने वाले सभी ग्राहकों को सूचित करने, उत्पाद वापस मंगाने और उनकी रकम लौटाने का आदेश भी दिया गया है।

**सूर्या निटवियर लिमिटेड**
**CIN: L17115PB1995PLC015787**
**पंजी. कार्यालय:** 408, इंडस्ट्रियल एरिया–ए, लुधियाना–141003
**फोन:** 161-4619272, 09871124799
**ई-मेल:** sueryaa1995@gmail.com, **वेबसाइट:** www.sueryaaknitwear.com

**26वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **सूर्या निटवियर लिमिटेड** ("कम्पनी") के सदस्यों की 26वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) **शुक्रवार, 09 सितम्बर, 2022 को अप. 01.00 बजे** (आईएसटी) कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय 408, इंडस्ट्रियल एरिया–।।, लुधियाना–141003 में आयोजित की जाएगी।

**ई–मेल पता के पंजीकरण / अद्यतनीकरण की विधि :**

डीमैट रूप में शेयरों के धारक जिन सदस्यों ने अभी तक अपनी ई–मेल आइडी'ज पंजीकृत / अद्यतित नहीं करवाई हैं, उनसे डीमैटीरियलाइज्ड शेयरों के मामले में एनएसडीएल / सीडीएसएल ("डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट") के साथ सम्पर्क करने का अनुरोध किया जाता है। भौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्यों से अपनी ई–मेल आईडी–ज पंजीकृत करवाने हेतु अपना सम्यक् हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र, पैन कार्ड तथा पता प्रमाण की स्व–सत्यापित प्रतियों सहित, **स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, डी–153 ए, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज–1, नई दिल्ली–110020** ("आरटीए") को भेजने अथवा हमारे आरटीए को **info@skylinerta.com** पर ई–मेल लिखने का अनुरोध किया जाता है।

सदस्यों को एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय मदों पर अपना वोट रिमोटली डालने का अवसर प्रदान किया जाएगा। रिमोट ई–वोटिंग 06 सितम्बर, 2022 (पूर्वा. 09.00 बजे) आरंभ होकर 08 सितम्बर, 2022 (अप. 05.00 बजे) तक जारी रहेगी। ई–वोटिंग के प्रयोजनार्थ कट–ऑफ तिथि 02 सितम्बर, 2022 होगी। भौतिक शेयरधारकों अथवा उन शेयरधारकों, जिन्होंने अपनी ई–मेल आईडी पंजीकृत नहीं करवाई है, अथवा उन व्यक्तियों, जो सूचना के प्रेषण के उपरांत कम्पनी के शेयर अर्जित कर सदस्य बने हैं, के लिए ई–वोटिंग सिस्टम द्वारा वोट डालने का तरीका, एजीएम की सूचना में उपलब्ध कराया जाएगा। उपरिवर्णित तिथि और समय के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।

कम्पनी बैठक में उपस्थित सदस्यों को मतपत्र द्वारा वोटिंग की व्यवस्था करेगी। सदस्य रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के अपने अधिकार का प्रयोग करने के पश्चात भी बैठक में भाग ले सकता है, परंतु बैठक में दोबारा वोट डालने का हकदार नहीं होगा। कोई सदस्य, जिसका नाम कट–ऑफ तिथि को डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में अथवा सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज मौजूद होगा, केवल वही रिमोट ई–वोटिंग के साथ सामान्य बैठक में वोटिंग की सुविधा पान का हकदार होगा।

एजीएम की सूचना की प्रति वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट तथा उक्त वोटिंग हेतु लॉगइन विवरण सहित उन सभी सदस्यों को यथासमय भेजी जाएगी, जिनका ई–मेल पता कम्पनी / डीपी के पास पंजीकृत है। उक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट **https://www.sueryaaknitwear.com** पर तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** पर भी उपलब्ध करवाये जाएंगे।

शेयरधारक श्री बिदुभूसन दाश, कम्पनी के कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी से कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा **sueryaa1995@gmail.com** पर लिख कर सम्पर्क कर सकते हैं।

वास्ते **सूर्या निटवियर लिमिटेड**
हस्ता. / –
(भानु गुप्ता)
अतिरिक्त (पूर्ण–कालिक) निदेशक
DIN: 09688120

तिथि : 17.08.2022
स्थान : लुधियाना

**राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण के समक्ष**
**चंडीगढ़ पीठ, चंडीगढ़**
**(मूल क्षेत्राधिकार)**
**कंपनी याचिका सं. सीपी (सीएए) 47 / सीएचडी / (सीएचडी) ऑफ 2022**
**के साथ संबंधित**
**कंपनी आवेदन सं. सीए (सीएए) 4 / सीएचडी / (सीएचडी) ऑफ 2021**
**कंपनीज़ अधिनियम, 2013 (18 ऑफ 2013) धारा 230 एवं 232 के मामले में**
**और**
**रॉक एंड स्टॉर्म बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड**
**एवं**
**क्रिस्टलब्लेंड बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड**
**डिमर्ज्ड कपनी के डिमर्ज्ड अंडरटेकिंग के डिमर्जर की योजना के मामले में**
**रॉक एंड स्टॉर्म बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड**
**याचिकाकर्त्ता / डिमर्ज्ड कंपनी**
**एवं**
**क्रिस्टलब्लेंड बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड**
**याचिकाकर्त्ता / परिणामी कंपनी**

डिमर्ज्ड कंपनी और परिणामी कंपनी, कंपनीज़ अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अंतर्गत निगमित है और दोनों कंपनियों का पंजीकृत कार्यालय प्लॉट न0. 214, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–1, चंडीगढ़–160002 में स्थित है।

**याचिका की सूचना**

रॉक एंड स्टॉर्म बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड (डिमर्ज्ड कंपनी) और क्रिस्टलब्लेंड बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड (परिणामी कंपनी), डिमर्ज्ड कंपनी के डिमर्ज्ड अंडरटेकिंग के डिमर्जर के व्यवस्था की योजना की मंजूरी हेतु, कंपनीज़ अधिनियम, 2013, की धारा 230 से 232 के अंतर्गत एक याचिका उपर्युक्त नाम के याचिकाकर्त्ताओं द्वारा 13 जुलाई, 2022 को प्रस्तुत की गई तथा कथित याचिका 21 अक्टूबर, 2022 को प्रातः 10:30 बजे माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, चंडीगढ़ बेंच, चंडीगढ़ के ग्राउंड फ्लोर, कॉरपोरेट भवन, सेक्टर–27बी, मध्य मार्ग, चंडीगढ़ –160019 के समक्ष सुनवाई हेतु निर्धारित की गई हैं। कोई व्यक्ति उक्त याचिका का समर्थन अथवा विरोध हेतु इच्छुक है तो वह अपने नाम तथा पते के साथ अपनी इरादे की सूचना याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता को प्रेषित करे, जो कि याचिकाकर्त्ताओं के अधिवक्ता के पास याचिका की सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि से कम से कम 7 दिन से ज्यादा विलम्ब से नहीं पहुंचनी चाहिए। यदि किसी व्यक्ति को उक्त याचिका पर आपत्ति है तो आपत्ति के कारणों के साथ शपथपत्र इस सूचना के साथ संलग्न होनी चाहिए। याचिका की प्रति चाहने वाला कोई भी व्यक्ति निर्धारित शुल्क का भुगतान करने पर इसे अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकता है।

**स्थानः दिल्ली** **हस्ता. / –**
**दिनांकः 17.08.2022** **मुकेश सुखीजा**
**याचिकाकर्त्ता के लिए अधिवक्ता**
**एसीएस एंड एसोसिएट्स, लॉ ऑफिसिस**
**'आस्था', एलपी–11सी, पीतमपुरा, दिल्ली 110034**
**फोन नं.: 011–40196434**
**मोबाइलः 9810296468**
**ईमेल आईडीः** mukesh@aasthalaw.com

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे क्लाईंट, **मेसर्स मुथूट फाईनान्स लि. (GSTIN 32AABCT0343B1Z7), पंजीकृत कार्यालयः तल 2, मुथूट चेम्बर्स, बैनर्जी रोड, कोच्चि – 682018, केरल, भारत, CIN: L65910KL1997PLC011300, दूरभाषः +91 484-2396478, 2394712, फैक्सः +91 484-2396506, mails@muthootgroup.com, www.muthootfinance.com** ऋण चुकाने में असफल ऋणियों के गिरवी रखे सोने के गहनों (**02.07.2021** की अवधि तक **NPA** खातों) की निम्नलिखित विवरणों के अनुसार नीलामी करेगी। इच्छुक सभी व्यक्ति भाग ले सकते हैं।

**प्रथम नीलामी की तिथि: 26.08.2022**

**Panchkula:** MAL-1652, 1793, 1799, 1812, 1853, MOS-62, MUL-2214, 2953, 3241, 4324, 4674, 4675, 4676, 4742, 4823, 4926, 5138, 5170, 5491, 5554, 5569, 5578, 5579, 5585, 5611, 5683, 5695, 5704, 5749, 5759, 5781, 5783, **Panchkula-Sector-20:** MAL-1621, 1845, 2031, MUL-2730, 3774, 5167, 6351, 7102, 7252, 7424, 7462, 7496, 7522, 7540, 7551, 7561, 7575, 7590, 7594, 7613, 7625, 7636, 7641, 7655, 7675, 7687, 7688, 7698, 7701, 7702, 7704, 7732, 7777, 7780, 7782, 7791, 7814, 7821, 7839, 7864, 7881, 7892, 7906, MWS-1, WBS-34, **Pinjore-(HA):** MAL-1943, 2242, 2250, MDL-1008, 1306, MUL-6351, 6359, 6616, 6642, 6653, 6974, 6985, 7039, 7096, 7126, 7234, 7252, 7256, 7277, 7297, 7315, 7346, 7437, 7441, 7451, 7453, 7478, 7479, 7517, 7557, 7560, 7581, 7582, 7595, 7602, 7664, 7677, 7697, 7709, 7712, 7733, **Kalka-(HA):** MAL-2248, 2346, 2499, 2507, MSL-5494, MUL-5471, 5715, 5716, 5736, 5913, 6381, 6409, 6749, 6775, 6792, 6806, 6844, 6860, 6888, 6891, 6895, 6901, 6906, 6942, 6951, 6955, 6968, 7040, 7049, 7053, 7054, 7055, 7056, 7063, 7064, 7072, 7092, 7096, 7107, **Panchkula-Sec-12-(HA):** MUL-2125, 2313, 2830, 2937, 3717, 3869, 3887, 3944, 3945, 3998, 3999, 4040, 4041, 4042, 4043, 4062, 4067, 4069, 4073, 4101, 4124, 4137, 4141, 4146, 4155, 4163, 4176, 4179, 4195, 4198, 4199, **Panchkula-Sector-14-(HA):** MDL-809, MUL-3477, 4565, 5310, 5407, 5440, 5724, 5935, 5936, 5938, 5956, 5957, 5981, 5985, 5988, 5989, 5990, 5991, 5997, 6046, 6058, 6070, 6071, 6099, 6114, 6119, 6159, 6163, 6167, 6182, 6187, 6188, 6189, 6202, 6215, 6237

**द्वितिय नीलामी की तिथिः: 27.08.2022, Auction Centre: First Floor, S.C.O.-333, Sector-9, Panchkula-134109, Haryana**

नीलामी नीचे दिखाए अनुसार जिस शाखा हेड में ग्राहक का ऋण खाता है क्रमशः उन्हीं शाखाओं में संचालित की जाएगी। हालाँकि, कृपया यह ध्यान रखें कि यदि निर्धारित तिथि (तिथियों) में नीलामी सफलतापूर्वक नहीं हो जाती तो ऐसी नीलामी **दूसरी नीलामी की तारीख** को क्रमशः **दिये गए नीलामी केंद्र** में संचालित की जाएगी / जारी रहेगी आगामी और ऐसी स्थिति में जहाँ इस सब के बावजूद कथित गहनो की नीलामी सफलतापूर्वक नहीं हो जाती ऐसी नीलामी आगामी तिथियों में भी इसी स्थान पर जारी रहेगी। इस संबंध में कोई अतिरिक्त सूचनाएं नहीं दी जाएंगी।

**कोहली एण्ड सोब्ती, एडवोकेट, ए 59ए, पहली मंज़िल, लाजपत नगर–II, नई दिल्ली – 110024**

**नोटः** ग्राहक नीलामी की निर्धारित तिथि से पहले हमारे क्लाइंट की बकाया राशि का भुगतान करके अपने गहनों की गिरवी छुड़ा सकते हैं। ग्राहक ईमेल आईडीः auctiondelhi@muthootgroup.com या 7834886464,7994452461 पर कॉल करके संपर्क कर सकते हैं।

# 'आकाश एयर का विकास सुरक्षित'

**आकाश** एयर के संस्थापक और मुख्य कार्याधिकारी विनय दुबे ने कहा कि विमानन कंपनी अगले 18 महीनों में विमानों के ऑर्डर देने को लेकर वित्तीय रूप से पर्याप्त मजबूत है। कंपनी का दूसरा ऑर्डर पहले से कहीं बड़ा होगा। उनका यह बयान मुख्य निवेशक राकेश झुनझुनवाला के निधन के बाद अन्य निवेशकों को संबोधित करने के दौरान आया। झुनझुनवाला का रविवार सुबह निधन हो गया था। विमान सेवा 7 अगस्त से शुरू हुई थी। दुबे ने बयान में कहा, 'एयरलाइन का विकास सुरक्षित है। मंगलवार को कंपनी ने तीसरा विमान प्राप्त किया जो मुंबई-बेंगलूरु मार्ग पर संचालित होगी। पहली उड़ान मुंबई-अहमदाबाद मार्ग पर संचालित हुई। उद्घाटन उड़ान में झुनझुनवाला भी मौजूद थे। दुबे ने कहा, 'हम प्रत्येक दो सप्ताह में एक-एक विमान जोड़कर अपने बेड़े का विस्तार करेंगे। आकाश एयर अगले पांच साल में 72 विमानों को शामिल करने के लिए वित्तीय रूप से पर्याप्त पूंजीकृत विमानन कंपनी है। वास्तव में, हमारी वित्तीय स्थिति इतनी मजबूत है कि हम अगले 18 महीनों में विमान ऑर्डर देने की स्थिति में हैं। यह ऑर्डर काफी बड़ा होगा।' *बीएस*

# एक ही चार्जर पर गठित होगा विशेषज्ञ समूह

**एजेंसियां**
नई दिल्ली, 17 अगस्त

**उपभोक्ता** मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बुधवार को कहा कि सरकार मोबाइल, टैबलेट जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए एक ही चार्जर की संभावना तलाशने को लेकर विशेषज्ञ समूहों का गठन करेगी। ये समूह दो महीनों में विस्तृत रिपोर्ट सौंपेंगे।

उद्योगों से जुड़े पक्षों के साथ बैठक के बाद सचिव ने कहा कि भारत शुरुआत में दो प्रकार के चार्जर अपनाने पर विचार कर सकता है। इसमें सी प्रकार का चार्जर भी शामिल है।

सचिव ने संवाददाताओं से कहा, 'यह जटिल मुद्दा है। देश चार्जर के विनिर्माण की स्थिति में है। हमें अंतिम निर्णय लेने से पहले उद्योग, उपयोगकर्ताओं, विनिर्माताओं और परिवेश समेत सभी के दृष्टिकोण को समझना है।'

सिंह ने कहा कि प्रत्येक प्रक्ष का अलग नजरिया है और उन मुद्दों पर अलग-अलग विचार के लिये विशेषज्ञ समूहों का गठन किया जाएगा। मोबाइल, फीचर फोन, लैपटॉप और आइपैड तथा पहने जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले चार्जिंग पोर्ट का अध्ययन करने के लिए अलग-अलग विशेषज्ञ समूह बनाए जाएंगे। सचिव ने कहा कि समूहों को इस महीने अधिसूचित किया जाएगा और वे दो महीने में अपनी सिफारिशें देंगे। उन्होंने कहा कि हालांकि क्षेत्र विशेष के संगठनों और विनिर्माता ई-कचरे को लेकर चिंता पर सहमति जतायी है। लेकिन उन्होंने इस मामले में और चर्चा की बात कही है।

बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स इनोवेशन कंसोर्टियम फाउंडेशन और एचसीएल के संस्थापक अजय चौधरी, मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष राजकुमार ऋषि, इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक एसोसिएशन के चेयरमैन पंकज महेंद्रू, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड अप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एरिक ब्रेगेंजा और इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपुल रे उपस्थित थे। इसके अलावा बैठक में डिजिटल माध्यम से लावा इंटरनेशनल लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हरिओम राय, उद्योग मंडल फिक्की, सीआईआई और एसोचैम के साथ-साथ आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

**सवाल जवाब**

# एम्बैसी रीट ने सूचीबद्धता के बाद दिया कुल 50 फीसदी रिटर्न



**एम्बैसी ऑफिस पार्क्स रीट ने 25 लेनदेन के तहत कुल 18 लाख वर्ग फुट जगह पट्टे पर दी है। इसमें वित्त वर्ष 2023 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान बेंगलूरु के एम्बैसी टेक विलेज में जेपी मॉर्गन से 5.5 लाख वर्ग फुट के लिए पूर्व प्रतिबद्धता भी शामिल है। रीट का कहना है कि जून 2023 तिमाही 2016 के बाद उसकी बेहतरीन तिमाही रही है। एम्बैसी रीट के मुख्य कार्याधिकारी विकास खडलोया ने राघवेंद्र कामत से बातचीत में इस क्षेत्र के परिदृश्य और हाइब्रिड स्पेस मॉडल सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। पेश हैं मुख्य अंशः**

**वैश्विक महामारी की रफ्तार थमने के साथ ही कामकाज के हाइब्रिड मॉडल का चलन बढ़ा है। इस नए रुझान से आपके ऑफिस पार्क में किराया किस प्रकार प्रभावित हुआ है?**

वैश्विक महामारी के थमने के साथ ही भारतीय ऑफिस पट्टेदारी के लिए काफी सकारात्मक विकास परिदृश्य दिख रहा है। इसे प्रौद्योगिकी पर रिकॉर्ड खर्च और वैश्विक कंपनियों से भारत में बढ़ते कामकाज से बल मिला है। परिणामस्वरूप हमने पिछली तिमाही में हमने कुल 18 लाख वर्ग फुट का रिकॉर्ड पट्टा हासिल किया और इस प्रकार पिछले सात वर्षों में वह हमारे लिए बेहतरीन तिमाही रही। इसके अलावा ब्याज दरों में मौजूदा तेजी और लागत में बढ़ोतरी के माहौल में बाजार की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। हालांकि बड़ी एवं नकदी संपन्न कंपनियां सके अपवाद होंगी। वैश्विक महामारी के दौरान भारत के ऑफिस बाजारों में रिक्तियां प्रभावित हुईं और हमने देखा था कि किराया काफी हद तक स्थिर रहा था। अब पट्टा संबंधी गतिविधियों में तेजी के मद्देजर हम उम्मीद करते हैं कि रिक्तियों में कमी आएगी, खासकर प्रमुख सूक्ष्म बाजारों में उच्च गुणवत्ता वाली प्रॉपर्टी के मामले में। इससे किराये में वृद्धि को रफ्तार मिलेगी।

**को-वर्किंग स्पेस में काफी तेजी दिख रही है। आपके ऑफिस पार्क में कुल कॉरपोरेट ऑक्यूपेंसी में को-वर्किंग ऑपरेटरों की हिस्सेदारी कितनी है?**

को-वर्किंग के मामले में हमारा मानना यह है कि यह हमारे बिजनेस पार्क और ऑक्यूपायर के लिए एक सुविधा है। कुल मिलाकर यह हमारे कारोबारी परिवेश में पेशकश को सहारा देता है। अधिक वृद्धि वाले ऑक्यूपायर के साथ जल्द तालमेल स्थापित करना हमारी रणनीति रही है और इसलिए वे हमारे साथ वृद्धि करते हैं। इससे नए कारोबारियों को एकमुश्त सीमित पूंजीगत खर्च के साथ प्रतिभा पूल उपलब्ध हो जाती है। ऐसे में उन्हें अपना विस्तार करने और व्यवहार्य कारोबार स्थापित करने में मदद मिलती है। हमने देखा है कि वे को-वर्किंग से इतर भी अपना विस्तार करते हैं। वे एक ही प्रॉपर्टी में हमारे साथ एक मानक मकान मालिक एवं किरायेदार का संबंध भी स्थापित करते हैं। नए किरायेदार को-वर्किंग कंपनियों से 100 से 150 तक सीटें हासिल करते हैं लेकिन भविष्य में उनकी विस्तार योजना होती है। भारत में कुल कॉरपोरेट ऑक्यूपेंसी में को-वर्किंग ऑपरेटरों की हिस्सेदारी 5 फीसदी से कम है।

**वित्त वर्ष 2023 और वित्त वर्ष 2024 के लिए आपका किराया परिदृश्य कैसा है? अगले तीन वर्षों में एम्बैसी रीट से आप कितनी आपूर्ति की उम्मीद करते हैं?**

वैश्विक महामारी के दौरान किराये में काफी हद तक स्थिरता रही थी, खासकर हमारे जैसे ए ग्रेड वाले पोर्टफोलियो के मामले में। हालांकि बेंगलूरु जैसे हमारे कुछ सूक्ष्म बाजारों में तेजी के कुछ संकेत दिखने लगे हैं। हाल में सीबीआरई ने बेंगलूरु में विभिन्न सूक्ष्म बाजारों के बीच किराये में तिमाही आधार पर 1 से 5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की थी। जहां तक हमारी आगामी आपूर्ति का सवाल है तो हम 46 लाख वर्ग फुट ऑन-कैंपस ऑफिस परियोजाओं के विकास को रफ्तार दे रहे हैं। इनकी आपूर्ति अगले तीन वर्षों के दौरान चरणबद्ध तरीके से होने की उम्मीद है।

**हाल में शेयर बाजार में काफी उतार-चढ़ाव दिखा है। ऐसे में रीट में निवेश के प्रति निवेशकों का रुझान कैसा है?**

बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच रीट ने निवेश का एक ठोस विकल्प उपलब्ध कराया है जहां अपेक्षाकृत कम उतार-चढ़ाव, कम जोखिम और कुल रिटर्न संतुलित है। हमारे सूचीबद्ध रीट मुख्य तौर पर प्रमुख शहरों में वाणिज्यिक रियल एस्टेट है जो काफी हद तक स्थिर है। वैश्विक महामारी के बावजूद एम्बैसी रीट ने तीन साल पहले सूचीबद्ध होने के बाद कुल 50 फीसदी रिटर्न दिया है।

**चंडीगढ़** संस्करण बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं.-22 व 49 ग्राउंड फ्लोर, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134115, हरियाणा से मुद्रित एवं एससीओ 861, एनएसी, मनी माजरा, चंडीगढ़-160101 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. MAHHIN/2008/24325 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं